बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

–::अधिसूचना::–

अधि०सं०–01 / स्था०राज०–121 / 2026–..... पटना, दिनांक अक्टूबर, 2026

विभागीय अधिसूचना संख्या–1535 दिनांक–10.08.2026 द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर अनुशंसित अभ्यर्थी श्री नीरज कुमार झा, पिता–श्री ललित कुमार झा, पता–ग्राम+पोस्ट–माऊंबेहट, थाना–मनीगाछी (बाजितपुर), जिला–दरभंगा को ईख पदाधिकारी के पद पर औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए मुख्यालय (गन्ना उद्योग विभाग) में पदस्थापित किया गया।

उक्त के आलोक श्री झा द्वारा दिनांक–13.08.2026 को अपने पद का प्रभार ग्रहण किया गया और वे उस तिथि से हीं बिपार्ड, पटना में प्रशिक्षणरत हैं।

गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना में ईख पदाधिकारी का पद स्वीकृत नहीं रहने के कारण श्री झा का HRMS Onboarding नहीं हो पा रहा है। इसके कारण उनका वेतन भुगतान भी नहीं हो पा रहा है।

उक्त के आलोक में श्री नीरज कुमार झा, नवनियुक्त ईख पदाधिकारी को अगले आदेश तक ईख पदाधिकारी, सिवान के पद पर पदस्थापित किया जाता है। श्री झा के वेतनादि का भुगतान गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना में प्रभार ग्रहण करने की तिथि–13.08.2026 के प्रभाव से ईख पदाधिकारी, सिवान के कार्यालय से किया जायेगा।

2. श्री नीरज कुमार झा, नवनियुक्त ईख पदाधिकारी के प्रशिक्षण अवधि तक श्री शिवशंकर आजाद, ईख पदाधिकारी, गोपालगंज पूर्व की तरह ईख पदाधिकारी, सिवान के अतिरिक्त प्रभार में बने रहेंगे।

3. विभागीय अधिसूचना संख्या–1535 दिनांक–10.08.2026 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

4. उपर्युक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
ह०/–
(धीरेन्द्र कुमार)
उप सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज०–121 / 2026 /पटना, दिनांक अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ (आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से / महालेखाकार, (ले० एवं ह०), बिहार, पटना / प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०), बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, संबंधित कोषागार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
उप सचिव।

P.T.O.

Notification

ज्ञापांक–01 / स्था०राज०–121 / 2026 / पटना, दिनांक अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– संयुक्त निदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, वाल्मी परिसर, फुलवारीशरीफ, पटना / श्री नीरज कुमार झा, पिता–श्री ललित कुमार झा, पता–ग्राम+पोस्ट–माऊंबेहट, थाना–मनीगाछी (बाजितपुर), जिला–दरभंगा, पिन कोड–847423 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
उप सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज०–121 / 2026 / पटना,दिनांक अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / ईखायुक्त के प्रधान आप्त सचिव / संयुक्त ईखायुक्त / संयुक्त निदेशक / सभी उप निदेशक, ईख विकास / सभी सहायक निदेशक, ईख विकास / सहायक ईखायुक्त, उत्तर बिहार, मुजफ्फरपुर / सभी विशेष ईख पदाधिकारी / सभी ईख पदाधिकारी / विशेष कार्य पदाधिकारी / लेखा शाखा / सभी अवर सचिव / सभी पदाधिकारी, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना / प्रशाखा पदाधिकारी, स्थापना शाखा (मुख्यालय) हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
उप सचिव।

ज्ञापांक–01 / स्था०राज०–121 / 2026 ~~2027~~ / पटना, दिनांक 16 अक्टूबर, 2026

प्रतिलिपि– आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.10.26
उप सचिव।